तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 26 जुलाई 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]


4 प्रायमरी स्कूल में शिक्षकों के 200 से अधिक पद खाली, 100 पर होगी भर्ती



## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक का संरक्षण हम सभी की सामुहिक जिम्मेदारी है

**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत बोईदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रकृति का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। एक-एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भविष्य की नींव है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी दुष्यंत शर्मा, सरपंच बोईदा, जनपद सदस्य श्रीमती अंजली श्रीवास, मुरली सरपंच शंकर कंवर, प्राचार्य श्रीमती पूनम दुबे, मनोज चौबे, शिक्षक लखन लाल बंजारे, विरेंद्र कुर्रे, राजेन्द्र नायक सहित विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### युवा साहू संघ की कार्यकारिणी गठन को लेकर बैठक आयोजित

**कोरबा।** जिला साहू संघ कोरबा के अंतर्गत जिला युवा साहू संघ की नवीन कार्यकारिणी के गठन एवं संगठन विस्तार को लेकर जिला कार्यालय, ढेंगुरनाला में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के संगठनात्मक विकास, युवाओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक खेमलाल साहू ने कहा कि किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवा होते हैं। यदि युवा संगठित, जागरूक और समाजहित के प्रति समर्पित हों, तो समाज विकास के नए आयाम स्थापित कर सकता है। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। उपस्थित सदस्यों ने संगठन को समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बैठक में डिकेश्वर साहू, रितिक साहू, भागवत साहू, पुष्पेन्द्र साहू, राजेश साहू, श्याम साहू, जितेंद्र कुमार साहू सहित समाज के युवा कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### स्टेट शूटिंग प्रतिस्पर्धा में कोरबा के खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

**कोरबा।** भारतीय राइफल संघ के तत्वाधान हर वर्ष की भांति छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शूटिंग स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के शूटर्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन हर वर्ष जिंदल स्टील एवं पावर लिमिटेड द्वारा किया जाता है। 9 जुलाई को शुरू हुई इस प्रतियोगिता का समापन 21 जुलाई को छत्तीसगढ़ के डीजीपी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में कोरबा जिले के खिलाड़ी एवं कोच आकाश सराफ ने 50 मीटर 3 पोजीशन राइफल शूटिंग मेंस प्रतिस्पर्धा में 523 अंक हासिल कर पहला स्थान ला कर गोल्ड मैडल (स्वर्ण पदक) हासिल किया और प्री नेशनल के लिए क्वालीफाई हुए। वहीं जांजगीर जिले के यश पीटर आसना ने 50 मीटर राइफल शूटिंग प्रोन पोजीशन में शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए ब्रॉन्ज मेडल (कांस्य पदक) हासिल किया और साथ ही 50 मीटर पीप साइड राइफल शूटिंग प्रतिस्पर्धा में आकाश सराफ, अक्षय कुमार एंथोनी, कोविद कुमार निर्मलकर, जॉय जोएल लाल और यश आसना सभी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए ऑल इंडिया जीवी मावलंकर प्री नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई किया। वहीं टीम इवेंट में अक्षय कुमार एंथोनी, जॉय लाल और कोविद कुमार निर्मलकर तीनों ने मिलकर कोरबा जिले को तीसरा स्थान हासिल कर ब्रॉन्ज मैडल दिलाया।

# आठ साल से भवन के लिए तरस रही खम्होंन प्राथमिक शाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नकिया के आश्रित ग्राम खम्होंन की प्राथमिक शाला बीते 8 साल से एक भवन के लिए तरस रही है। जनपद के विभागीय लापरवाही का नतीजा पहाड़ी कोरवा बच्चे भुगत रहे हैं। वर्तमान में पीएम आवास में स्कूल की कक्षाएं लगाने और मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की गई है।

मामला ग्राम पंचायत नकिया के आश्रित गांव खम्होंन से सामने आया है, जिसने शासन और प्रशासन की घोर उदासीनता को पूरी तरह उजागर कर दिया है।खम्होंन गाँव के शासकीय प्राथमिक स्कूल के पास पिछले आठ सालों से अपना खुद का कोई भवन नहीं है। दावों और फाइलों में दौड़ती शिक्षा व्यवस्था की असलियत यह है कि यहाँ के मासूम बच्चे एक पीएम आवास (प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने निजी मकान) में बैठकर शिक्षा और खाना खाने को मजबूर हैं। गांव के ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि शासन-प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर कई बार आकर्षित किया गया, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में सोए हुए हैं। स्थिति तब और बदतर हो जाती है जब मानसूनी बारिश शुरू होती है। बारिश के मौसम में इन छोटे-छोटे बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक छोटे और अस्थाई ठिकाने में जैसे-तैसे लग रही इस क्लास में कभी भी कोई अप्रिय घटना या बड़ी दुर्घटना घट सकती है। आखिर 8 साल का लंबा वक्त बीत जाने के बाद भी शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन की नजर इस गांव पर क्यों नहीं पड़ी। बताया जाता है कि यहां पदस्थ पंचायत सचिव के द्वारा कार्य शुरू कराया गया था। उक्त पंचायत सचिव के द्वारा ठेकेदारी की जाती थी। किन्तु आज तक उक्त पंचायत सचिव के द्वारा कार्य पूरा नहीं कराया गया और पंचायत सचिव कहीं और पदस्थ हैं। किन्तु स्कूल भवन पूरा कराने के लिए जनपद के अधिकारियों ने भी गंभीरता नहीं दिखाई।

## पीएम आवास में चल रही कक्षाएं और खाते हैं मध्यान्ह भोजन

**खास बातें**

- पंचायत सचिव के देखरेख में चल रहा था भवन निर्माण का काम, लागत बढ़ने से फिर रुका भवन का काम



## कुछ ही मिनट में आग ने फैक्ट्री के बड़े हिस्सों को लिया अपनी चपेट में

# कोल पिच कार्बन फैक्ट्री में विस्फोट के साथ लगी आग, मजदूरों ने भाग कर बचाई जान





कोल पिच कार्बन फैक्ट्री में लगी आग के दौरान जमा भीड़, आग बुझाते दमकल कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- घंटों की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

औद्योगिक क्षेत्र स्थित वेस्टर्न इलेक्ट्रोड कार्बन फैक्ट्री में शनिवार को हुए जोरदार धमाके के बाद भीषण आग लग गई। विस्फोट इतना तेज था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। कुछ ही मिनटों में आग ने फैक्ट्री के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के दौरान फैक्ट्री में मजदूर काम कर रहे थे जिन्हें तत्काल उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। आसमान में उठती आग की ऊंची लपटें और काले धुएं का घना गुबार कई किलोमीटर दूर से दिखाई देने लगा, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।

फैक्ट्री में लगी आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्ट्री परिसर में खड़ी एक ट्रक भी उसकी चपेट में आ गई। इससे आग ने और विकराल रूप धारण कर लिया। हादसे के वक्त वेस्टर्न इलेक्ट्रोड कार्बन फैक्ट्री के भीतर लगभग 30 से 40 मजदूर काम कर रहे थे। बॉयलर में जोरदार धमाका होते ही वहां अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया था। गनीमत रही कि काम कर रहे मजदूरों ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत भागकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही पुलिस, नगर निगम, सीएसईबी और अन्य विभागों की दमकल टीमें मौके पर पहुंची। आग की भयावहता को देखते हुए एसपी सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी ⏭ शेष पेज 3 पर

### नगर सेना, औद्योगिक इकाइयों की संयुक्त कार्रवाई से टली बड़ी दुर्घटना

जिला प्रशासन ने बताया है कि औद्योगिक क्षेत्र खरमोरा स्थित वेस्टर्न इलेक्ट्रोड कार्बन फैक्ट्री के कोल पिच में आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही जिला प्रशासन एवं अग्निशमन दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति पर नियंत्रण पा लिया। इंडस्ट्रियल एरिया निवासी अंकुश अग्रवाल पिता सुभाष अग्रवाल के फैक्ट्री के कोल पिच में आग लगने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, कोरबा की दमकल वाहन एवं फायर टीम को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। साथ ही, अतिरिक्त सहायता के लिए बालको, एचटीपीपी, डीएसपीएम तथा एनटीपीसी के फायर कंट्रोल रूम को भी तत्काल सूचना दी गई। लगभग तीन घंटे की लगातार कड़ी मशक्कत एवं समन्वित प्रयासों के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। इस दौरान घटनास्थल पर एसडीएम सरोज महिलांगे सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे तथा राहत एवं बचाव कार्यों की सतत निगरानी करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने घटना का पल पल अपडेट लेने के साथ ही संबंधित अधिकारियों को औद्योगिक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने सुरक्षा के पर्याप्त उपाय के आवश्यक निर्देश दिए हैं।

### आग पर पाया काबू, कोई जनहानि नहीं

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। नगर सेना और दमकल वाहनों की मदद से आग पर जल्द से जल्द काबू पाने का प्रयास किया गया। राहत की बात यह है कि फिलहाल अब तक किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली है।

-सिद्धार्थ तिवारी, एसपी

### सुरक्षा के लिए पूरा क्षेत्र किया गया सील

आग की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर पूरे घटनास्थल को सील कर दिया है। फैक्ट्री के आसपास आम लोगों के प्रवेश और वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर सुरक्षा घेरा बना दिया था जिससे राहत एवं बचाव कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# चाकूबाजी करने वाले मुख्य आरोपी सहित एक नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी चौकी क्षेत्र के बुधवारी बाजार में शुक्रवार देर रात रास्ता खाली करने को लेकर हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते खूनी रूप ले लिया। कुछ युवकों ने एक ऑटो चालक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल मुख्य आरोपी और उसके नाबालिक के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य मामलों में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



घायल आटो चालक

**खास बातें**

- रास्ता खाली करने को लेकर हुए विवाद में आटो चालक पर किया था हमला
- घायल चालक अस्पताल दाखिल, पुलिस ने आरोपियों का निकाली जुलूस

शहर में अपराधियों के बढ़ते हौसलों ने एक बार फिर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बाजार के समीप स्थित स्कूल के पास इस घटना की शुरुआत सड़क पर साइड देने को लेकर हुए मामूली विवाद से हुई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने ऑटो चालक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घायल चालक का उपचार जारी है। घटना के बाद सामने आए सीसीटीवी फुटेज में पूरी वारदात कैद हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने जांच तेज करते हुए सीसीटीवी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी का घटनास्थल से न्यायालय तक पैदल जुलूस भी निकाला। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस के अनुसार, घटना में प्रयुक्त चाकू सहित अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। वहीं नाबालिग आरोपी के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत पृथक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शहर में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं इस घटना के ⏭ शेष पेज 3 पर

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से रोपाई कर रहे 3 ग्रामीणों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सलोरा बकरा बाजार छुरी में सब-स्टेशन के पीछे खेत में रोपाई का कार्य कर रहे तीन ग्रामीणों पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। इस हादसे में गंभीर रूप से झुलसे तीन ग्रामीणों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा लाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने परीक्षण उपरान्त तीनों को मृत घोषित कर दिया।

**खास बात**

- छुरी स्थित सलोरा बाजार सब स्टेशन के पीछे हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी बकरा बाजार सब-स्टेशन के पीछे स्थित खेत में लगभग 25 से 30 लोग काम में लगे हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ा और तेज गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली सीधे खेत की मेढ़ पर आ गिरी। गाज की चपेट में आने से बहोरन पाटले निवासी बेल्हापारा, बकराबाजार सलोरा मोड़, लक्ष्मी पाटले निवासी बेल्हापारा, बकराबाजार सलोरा तथा श्यामजी साहू निवासी छुरी गंभीर रुप से झुलस गए। बिजली गिरते ही खेत में मौजूद अन्य लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से तीनों झुलसे ग्रामीणों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा ले जाया गया, लेकिन चिकित्सालय पहुँचने पर चिकित्सको ने प्राथमिक जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर कटघोरा थाना पुलिस की टीम चिकित्सालय पहुंची और मर्ग कायम कर शवों का पंचनामा तैयार किया। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्यवाही और जांच में जुट गई है। एक साथ तीन ग्रामीणों की असामयिक मृत्यु से छुरी और आसपास के ग्रामो में सन्नाटा पसरा हुआ है।





अस्पताल के बाहर पहुंचे परिजन।



आकाशीय बिजली से मृत ग्रामीण।

### वनकर्मी को जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**कोरबा।** हाथियों के विचरण की सूचना देने पहुंचे वन कर्मियों को ग्रामीण के आक्रोश का शिकार होना पड़ा। ग्रामीण ने वन कर्मियों का रास्ता रोक लिया। उसने वन रक्षक से वन अधिकार पत्र में हस्ताक्षर नहीं करने का आरोप लगाते हुए गाली गलौच शुरू कर दी। वे वनकर्मी को गाड़ी से उतरने पर जान से मार देने की धमकी दी। किसी तरह मामला शांत होने के बाद वनकर्मी गांव से लौटे और थाना में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराया। मामला कोरबा वनमंडल के पसरखेत वन परिक्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिनों से हाथियों का झुंड कोलगा परिसर के जंगल में विचरण कर रहा था। किसी तरह की अनहोनी न हो, इसके लिए मदनपुर व कोलगा परिसर में पदस्थ वन रक्षक हरिनारायण बंजारे सहकर्मी सरोता राम बंजारे, अशोक यादव, सुरक्षा श्रमिक खगेश्वर राठिया के साथ क्षेत्र में हाथियों के विचरण संबंधी सूचना तराईमारडीह पहुंचे। वे ग्रामीणों को समझाईश दे रहे थे। इसी बीच गांव में रहने वाला पतिराम राठिया ने उनका रास्ता रोक लिया। वह वनकर्मी हरिनारायण बंजारे पर वन अधिकार पत्र में हस्ताक्षर नहीं करने का आरोप लगाते हुए विवाद करने लगा। वन कर्मियों ने समझाईश दी तो वह शांत होने के बजाय आक्रोशित ⏭ शेष पेज 3 पर


MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में पेट सम्बंधित सभी समस्याओं का अत्याधुनिक इलाज।

एक्सीलेंट गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी सर्विसेस:
- गैस, एसिडिटी, अपच एवं खट्टी डकार
- छाती में जलन
- पेट दर्द एवं सूजन
- कब्ज, दस्त एवं दस्त में खून
- उल्टी, हिचकी एवं खून की उल्टी
- खाना निगलने में परेशानी एवं आहार नली की समस्याएँ
- कभी भी निगली गई वस्तु (Foreign Body) का उपचार
- फैटी लिवर, हेपेटाइटिस (B/C), पीलिया एवं लिवर सिरोसिस
- अल्सर एवं GERD (Acidity/Reflux)
- IBS (इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम)
- पेट की टी.बी. एवं पेट में पानी
- अग्न्याशय (Pancreas) के रोगों का उपचार
- पेट, आंत एवं लिवर के रोगों का विशेषज्ञ उपचार
- एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी की सुविधा
- दूरबीन द्वारा पेट एवं आँत की आधुनिक जाँच





DR. MANISH KUMAR NAYAK
MBBS, MD, DRNB,
CONSULTANT GASTROENTEROLOGIST & HEPATOLOGIST

विशेषताएँ:
✔ अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
✔ आधुनिक एंडोस्कोपी सुविधा
✔ सटीक जाँच एवं प्रभावी उपचार
✔ लिवर एवं पाचन रोगों की सम्पूर्ण देखभाल

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com

AdPRAYAS


Paper Jab Tough Hoga
SELECTION KA NUMBER और जबरदस्त HOGA
OUR TOPPERS ➔ NEET (UG) 2026
ANSHIKA AGRAWAL 563/720 GENERAL RANK 10177
ADITYA SINGH RAJPOOT 563/720 GENERAL RANK 10098
TAASHU TAANK 564/720 GENERAL RANK 9895
SHUVAM SUBASISH 590/720 GENERAL RANK 5452
BHAVYA MISHRA 606/720 GENERAL RANK 3474
RAGHAV SINGH CHANDEL 632/720 GENERAL RANK 1600
AKSHAT TIWARI 592/720 EWS RANK 1463
UTKARSH VAISHNAV 576/720 Cat. RANK 9589
15030 SHIVENDRA KUMAR 558/720
20194 SUJAL PATEL 545/720
1188 ANKIT TANDON 544/720
16519 ARSH SHARMA 538/720
24403 VISHWAJEET SHRIVAS 536/720
1514 ARMAN OGREY 535/720
1718 DIPALI LAHARE 530/720
27467 SAHIL KUMAR KASHYAP 530/720
28494 DHEERAJ KASHYAP 528/720
32236 LAKESHWAR SAO 521/720
32975 VIKASH RATHORE 519/720
23080 MANSI CHANDWANI 517/720
23912 SONAL KUMAR 515/720
24340 SEJAL THAWRANI 514/720
36271 MUSKAN CHOUKSEY 514/720
35806 PADMANABH SAHU 514/720
36517 VISHNU NISHAD 513/720
37748 KANHA SAHU 511/720
25313 PRINCE SINGH 511/720
39042 SHRADDHA SONI 509/720
1040 AARCHI RAHI 493/720
34108 KRISHNA PURWANI 489/720
52620 PRAGATI CHANDRAKAR 488/720
34192 SUBHIKCHA AGRAWAL 488/720
4769 RENUKA BARMA 488/720
14348 ADITYA SINGH 482/720
36772 ANUSHKA PRASHANT BARPANDE 482/720
62076 HARSH 475/720
63420 SWATI PATEL
6626 ADARSH CHOUDHARY
63493 AARTI SAHU
7071 AYUSH SINGH JANHVI
2147 AMAN AGARIYA
5083 MAKHAN SINGH KHADIYA
7041 VAISHNAVI
7124 ARYAN MARKAM
9613 NISCHAL MERSA
9700 TULSI RATHIA
9852 SULENDRA PAIKRA
12092 GIRIJA RATHIA
13288 PRERNA EKKA
13715 KAMESHWAR MARAVI
14110 KOMAL PAIKRA
14141 HARSHITA MAHLA
16003 VAIBHAV RAO
16183 MANASI
16219 POONAM DHURWE
16476 PANKAJ KUMAR SARWAY
18916 SMRITI KACHCHHAP
19791 ANURAG DINKAR
20348 PRAVEEN GHRITLAHARE
21995 KHWAYESH GHRITLAHARE
23623 PAYAL TOPPO
24164 AVINASH BHAGAT
24284 HIMANSHU DINKER
24423 POISHA BANJARE
26542 ANUSHKA DHANSON
33809 ANNPOORNA GHRITLAHARE
42420 HARSH DAHARIYA
52992 DAMINI BANJARE
55343 RIMI
59145 ANKIT NIRALA
62294 CHITRESH BANJARE
67035 LUCKY MEHRA
72479 PANKAJ KUMAR JANGDE
75495 VIDHI MANHAR
80674 POOJA
& MANY MORE....
120+ ACHARIANS ARE GOING TO BECOME DOCTORS!
*Calculated as per previous cut-off in all categories & Streams*
DROPPER'S 2026-27
NEW BATCH
29th JULY
ADMISSION OPEN
Special ACHIEVERS BATCH
MINIMUM FEES FOR 400+ SCORING STUDENT
For More Details Contact: 7225007662
Batch Starting 6th AUGUST 2026
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
9109492226
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTAGRAM
ADMISSION START
FOR ADMISSION

## खबर संक्षेप



### श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सत्य, सेवा और संस्कारों का मार्ग दिखाती है : जयसिंह

**कोरबा।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सीतामणी निवासी पत्रकार विकास कर्ष एवं कर्ष परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पावन अवसर पर आयोजित हवन, पूजन एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ सहभागिता कर भगवान श्रीहरि से समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, शांति एवं खुशहाली की मंगलकामना की। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने का दिव्य माध्यम है। भागवत कथा हमें सत्य, करुणा, सेवा, प्रेम, त्याग, सदाचार और लोकमंगल का संदेश देती है। ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा लोगों को धर्म और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। श्री अग्रवाल ने कर्ष परिवार द्वारा आयोजित इस पुण्य एवं लोककल्याणकारी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं तथा नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और जीवन मूल्यों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री के साथ प्रेम मित्तल, राकेश चौहान, टेक राम श्रीवास, सत्य प्रकाश साहू, अमन सिंह ठाकुर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### राठौर क्षत्रिय सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक से की मुलाकात




**हरदीबाजार।** क्षत्रिय राठौर समाज के प्रदेश अध्यक्ष पवन राठौर के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर समाज के संगठनात्मक विकास, सामाजिक एकता एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि समाज के प्रति हमारा कर्तव्य ही देश और मानवता की भलाई का आधार है। जब सभी वर्गों का समग्र विकास होगा, तभी सच्चे अर्थों में समाज और राष्ट्र प्रगति करेगा। वहीं, क्षत्रिय राठौर समाज के प्रदेश अध्यक्ष पवन राठौर ने कहा कि सच्चा मनुष्य वही है, जो अपने व्यक्तिगत सुख के साथ-साथ पूरे समाज के उत्थान, संगठन की मजबूती और जनकल्याण के लिए भी समर्पित भाव से कार्य करे। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय राठौर समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर, प्रदेश संगठन मंत्री जितेन्द्र राठौर, मन्नू राठौर, क्षत्रिय राठौर समाज कोरबा ग्रामीण के कोषाध्यक्ष रवि राठौर सहित समाज के अन्य गणमान्य सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोल पिच....

घटनास्थल पर मौजूद हैं। घंटों मशक्कत के बाद आखिरकार दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। भीषण आग और आसमान में उठते धुएं के गुबार की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल की ओर पहुंचने लगे। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस लगातार लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील कर रही थी और पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया था। फिलहाल आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। प्रशासन का पूरा फोकस पहले आग पर नियंत्रण पाने और किसी बड़े नुकसान को रोकने पर है। आग बुझने के बाद विशेषज्ञों की टीम घटना के कारणों की जांच करेगी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट या ज्वलनशील सामग्री में आग लगने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### चाकूबाजी करने...

बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। नागरिकों का कहना है कि बुधवारी बाजार क्षेत्र में रात के समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। खुलेआम शराबखोरी, मारपीट और चाकूबाजी जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जबकि पुलिस गश्त नाकाफी साबित हो रही है। लोगों ने क्षेत्र में रात के समय नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### वनकर्मी को...

हो गया। उसने वनकर्मी के साथ गाली गलौच शुरू कर दी। हद तो तब हो गई, जब वनकर्मी को गाड़ी से नीचे उतरने और जान से मारने की धमकी देने लगा। वनकर्मी ने करतला थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज करायी जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## दो रेडियोलॉजिस्ट के भरोसे हैं सोनोग्राफी मशीनें

# जिला पंचायत की सामान्य सभा में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के मुद्दे पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत में शनिवार को आहूत की गई सामान्य सभा की बैठक में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के मुद्दे पर चर्चा की गई। जिसमें यह जानकारी सामने आई कि

**खास बात**

- शिक्षकों की कमी पर भी हुई समीक्षा



सामान्य सभी की बैठक लेते जिपं अध्यक्ष व अन्य।

मेडिकल कॉलेज से लेकर पांचों सीएचसी में 7 सोनोग्राफी मशीनें हैं। जिन्हें चलाने के लिए महज दो रेडियोलाजिस्ट पदस्थ हैं। वहीं शिक्षा विभाग की व्यवस्था पर चर्चा की गई। जिसमें शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में पढ़ाई की व्यवस्था पर चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह ने की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रतीक जैन एवं वनमंडलाधिकारी कटघोरा श्री कुमार निशांत उपस्थित रहे। बैठक में विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही विकास कार्यों में तेजी लाने तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में यह जानकारी सामने आई कि मेडिकल कॉलेज में दो सोनोग्राफी मशीनों के साथ सभी पांचों ब्लाक के सीएचसी में एक एक सोनोग्राफी मशीनें उपलब्ध हैं लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से ब्लाक की आमजनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिला मुख्यालय में पदस्थ दो रेडियोलॉजिस्ट के भरोसे 7 सोनोग्राफी मशीनें संचालित हो रही हैं। बैठक में विद्वान सिंह मरावी ने पोड़ी उपरोड़ा के सीएचसी का मुद्दा उठाया। यहां से मरीज कटघोरा रेफर किये जा रहे हैं। इस पर चर्चा करते हुए सांसद प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा ने कहा कि सीएचसी से किसी भी मरीज को मेडिकल कॉलेज ही रेफर किया जाना चाहिए लेकिन निजी चिकित्सालय में भेजा जाना उचित नहीं है। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारी के द्वारा बताया गया है कि जहां जहां शिक्षकों की कमी है वहां मानदेय शिक्षकों की भर्ती की गई है और जहां पद रिक्त है वहां भी भर्ती की जा रही है।

बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, श्रीमती सुष्मिता अनंत कमलेश, श्रीमती सावित्री अजय कंवर, श्रीमती सुषमा रवि रजक, विनोद कुमार यादव, श्रीमती माया रूपेश कंवर, कौशल नेटी एवं उपसंचालक पंचायत मिथलेश किसान सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कुत्तों के चंगुल से बचाया बसंता पक्षी को, दी नई जिंदगी


घायल पक्षी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री स्थित साडा कॉलोनी से एक ऐसी प्रेरणादायक घटना सामने आई जिसने यह साबित कर दिया कि इंसानियत और संवेदनशीलता आज भी जीवित है, एक बसंता पक्षी घायल अवस्था में जमीन पर पड़ा हुआ था,असहाय पक्षी पर आसपास घूम रहे कुत्ते झपटने ही वाले थे और कुछ ही क्षणों में उसकी जान जा सकती थी तभी त्रिपाठी परिवार की नजर उस मासूम पक्षी पर पड़ी बिना देर किए उन्होंने उसे कुत्तों के हमले से सुरक्षित बचाया और सुरक्षित स्थान पर रखा। जिसके बाद उन्होंने वन विभाग एवं नोवा नेचर सूचना दिया गया विभाग के निर्देशानुसार पक्षी का जितेंद्र सारथी ने सुरक्षित रेस्क्यू कर उसकी आवश्यक देखभाल सुनिश्चित की गई, समय पर दिखाई गई मानवीय संवेदनशीलता ने एक बेजुबान पक्षी को नया जीवन दे दिया गया।

# नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर में 400 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

डी.ए.वी. कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर-3 का समापन डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जेंजरा में

**खास बातें**

- डीएवी जेंजरा में दो दिन तक चला खेल का आयोजन
- जिले के पांचों ब्लाकों के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने लिया भाग


प्रतिभागी खिलाड़ी।

हुआ। यह आयोजन छत्तीसगढ़ जोन के राज्य स्तरीय खेल प्रभारी एवं प्रादेशिक अधिकारी (डी.ए.वी. हुडको) प्रशांत कुमार के मार्गदर्शन तथा क्लस्टर प्रभारी एवं प्राचार्या डॉ. राज रेखा शुक्ला के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें समस्त स्कूलों के प्राचार्य विधु शर्मा सैला, हेमंतो मुखर्जी खरमोरा, राजू साहू बड़मार, विवेक जायसवाल भांवर एवं शिक्षक तथा खेल प्रशिक्षकों की उपस्थिति रही।

प्रथम व द्वितीय दिवस के खेलों में 15 विद्यालय के लगभग 450 प्रतिभागियों ने विभिन्न एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धाओ में दमखम दिखाया। जिसके अंतर्गत, एथलेटिक्स (ट्रैक इन फिल्डस) के खेल जैसे (100मी, 200मी, 400मी , 800मी, 1500मी), रिले रेस, जैवलिन थ्रो, लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, ट्रिपल जंप, स्किपिंग एवं टीम इवेंट के खेल कबड्डी खो -खो, बैडमिंटन, रोलर स्केटिंग क्रिकेट योगा आदि में अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

जिसमें जैवलिन थ्रो में नैतिक भार्या, शॉट पुट अंडर -17 में बालिका वर्ग में आराधना पांडे, अंडर -14 मुस्कान राज रेस 800 मीटर अंडर 17 में आदित्य दास , रिले रेस 4*100 अंडर 17 बालिक वर्ग वंश, तरुण, अभिषेक युवराज (जेंजरा ), डिस्कस थ्रो अंडर -17 प्रियांशी ने किया तो वही सृष्टि (गेवरा), 800 मीटर में मोक्ष पटेल (गेवरा), अंडर-17 200 मी. बालिका वर्ग में आयुषी नेत्री, 400 मीटर बालक वर्ग में आदित्य दास, डिस्कस थ्रो में प्रियांशी जेंजरा एवं अभिनव कुमार, शॉट पुट में तुषार कुमार (पाली) एवं रामजन्म शर्मा (कुष्मांडा), लॉन्ग जंप में प्रभात दुबे (कुष्मांडा), अंश आरो सिंह (करेंकी ) एवं करुणा मांडवी (गेवरा), हाई जंप में ध्रुव सिंह (लखनपुर) एवं रोशन यादव (नारायणपुर), जैवलिन थ्रो में लाची (गेवरा) एवं आयुषी आर्य (कुसमुंडा), ट्रिपल जंप में प्रिंसी जायसवाल (भांवर) एवं पवन कुमार (बड़मार) स्वर्ण पदक प्राप्त किया तो वही द्वितीय दिवस के टीम इवेंट्स खेलो में अंडर-14 -17 बालिका वर्ग कबड्डी में सेला पाली, अंडर-14 बालिका वर्ग खो-खो (कोरबा), अंडर-14 बालक वर्ग खो-खो ( खरमोरा ) रोलर स्केटिंग अंडर-14 में निया दत्ता जेंजरा , अंडर-17 बॉयज कोरबा कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतकर जोनल स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर अगले चरण जोनल स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

थाना पाली के अपराध क्रमांक 106/2022 में धनीराम पण्डो पिता मोहरसाय पण्डो उम्र 40 वर्ष

**खास बात**

- वर्ष 2022 में पति पत्नी में हुआ था विवाद, पति ने डंडे से की थी पिटाई

निवासी ग्राम हिरवाडोली चौकी चैतमा थाना पाली को धारा 302 भादवि के अपराध में दोषसिद्ध पाते हुए माननीय न्यायालय श्रीमती मधु तिवारी प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा ने आजीवन सश्रम करावास एवं जुर्माना के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

आरोपी धनीराम पण्डो व मृतिका समारिन बाई दोनो पति पत्नी हिरवाडीह में निवास करते थे 22 अप्रैल 2022 को गावं के रिश्ते के बडे पापा बुधवार सिंह मृतिका की पुत्री श्रीमती बिन्दा बाई को बताया कि उसकी मम्मी की तबीयत खराब हो गया है साथ चला तब वह अपनी बहन इन्दू के साथ गांव हिरवाडोली आये तो पता चला कि उसकी मां की फौत हो चुकी है। अपने पिता धनीराम पण्डो से पूछने उसके पिता ने बताया कि 12 बजे मछली पकडने गये थे वहां कुछ विवाद हुआ था तो एक दो डंडा पैर में मार दिये थे शाम करीब 6 बजे खाना खायी थी फिर 12 बजे रात शरीर से पसीना अटैक होकर फौत हो गई मां की शरीर पर मारपीट का निशान था और उसकी मृत्यु मार से आयी चोंट के कारण हुई है। आरोपी की पुत्री के द्वारा बताया है कि उसके पापा मारपीट करने से ही उसकी मां की मृत्यु हुई है। प्रतिपरीक्षण के दौरान अखण्डित रहा है। अन्य साक्षीगण जो आरोपी और मृतिका के रिश्तेदार है उनके द्वारा भी अपने न्यायालयीन कथन में घटना का समर्थन किया है। प्रकरण की गंभीरता से विवेचना की गई तथा सभी तथ्यों एवं सबूतों को पेश किया गया, एवं पीएमकर्ता डॉ० सुखचैन कश्यप द्वारा अपनी रिपोर्ट में मृत्यु को हत्यात्मक प्रकृति का होना बताया है। सूक्ष्मता से सबूतों एवं गवाहों का परीक्षण के आधार पर धनीराम पण्डो के विरुद्ध दोषसिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं ARUN KUMAR SINGH S/O SANKATHA PRASAD SINGH निवासी Qr No 10 - 12, SECTOR - 4, TYPE 2A BALCO NAGAR KORBA (CG) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम ARUN SINGH S/O SANKATHA PRASAD SINGH रख लिया है । अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम ARUN SINGH S/O SANKATHA PRASAD SINGH से ही जाना पहचाना जावे।

**ARUN SINGH**
**QR NO 10 - 12**
**SECTOR- 4 TYPE 2A,**
**BALCO NAGAR,**
**KORBA (CG)**

## न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रेमलता पिता स्व. बुधवार सिंह निवासी ग्राम रलिया तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम रलिया तहसील दीपका स्थित भूमि खसरा नं. 197/2, रकबा 0.25 ए./0.101 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि एस.ई.सी.एल गेवरा परियोजना के द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया है। उक्त भूमि खातेदार बुधवार सिंह पिता मंगलू के की मुत्यु दिनांक 05/12/2009 को हो जाने के कारण फौती नामांतरण दर्ज करवाने हेतु बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 10/08/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा। अतः आज दिनांक 24/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

# कलेक्ट्रेट मोड़ पर चाकू लहराकर लोगों को धमकाने वाला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शहर के कलेक्ट्रेट मोड़ स्थित वसुंधरा गार्डन के पास चाकू लहराकर राहगीरों को डराने और मारने की धमकी देने वाले युवक को सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं 25 एवं 27 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक कलेक्ट्रेट मोड़ के पास धारदार हथियार लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस ने घेराबंदी कर मड़वा चौक के पास आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम दीपक यादव (20 वर्ष), निवासी ग्राम भदौरा, थाना मस्तूरी, जिला बिलासपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक धारदार चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक नितिन चंद्रवंशी, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर, आरक्षक तोरन डहरिया तथा शंकर राजपूत का योगदान रहा।

### राठिया, नेताम व मलिक चुने गए निगम के फेस आफ द मंथ

**कोरबा।** नगर निगम में कार्यरत कर्मचारी सुभाष राठिया, मनहरण नेताम व ओमप्रकाश मालिक को जुलाई माह का फेस आफ द मंथ चुना गया है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने फेस आफ द मंथ चुने गए इन कर्मचारियों को बधाई दी है तथा कार्य के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की है। आज से डेढ़ वर्ष पूर्व निगम का फेस आफ द मंथ चुने जाने का सिलसिला प्रारंभ हुआ था, इसका मुख्य उद्देश्य निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित करना है।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप



### साडा स्कूल की छात्राओं ने रंगों में बताया नशा के दुष्प्रभाव

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय साडा में जिला नार्को कोऑर्डिनेशन केंद्र एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार विद्यालय के बच्चों में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नशा मुक्त स्वस्थ जीवन विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य रंगों के माध्यम से युवाओं में नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता फैलाना और नशा मुक्त भारत का संदेश देना रहा । रंगोली प्रतियोगिता में स्कूली छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में विद्यालय के प्रधान पाठक बी एल देवांगन, व्याख्याता प्रेमलता साहू, रेणुका नायक, शिक्षक कमलेश साहू ने रचनात्मकता, थीम, स्वच्छता और संदेश के आधार पर रंगोलियों का मूल्यांकन किया। प्रतिभागियों ने अपने रंगोलियो में तंबाकू, शराब, ड्रग्स के दुष्प्रभाव जैसे संबंधित सशक्त संदेश उकेरे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु.दीक्षा बरेठ, द्वितीय स्थान कु.आस्था साहू, तृतीय स्थान कु.कल्पना ने प्राप्त किया। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता बी के निराला ने बताया कि कला के माध्यम से युवा पीढ़ी तक नशा मुक्ति का संदेश सबसे प्रभावी तरीके से पहुंचता है, ऐसी प्रतियोगिताएं समाज को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### सीएसईबी चौक से शारदा विहार तक मुख्य मार्ग में किया गया पौधरोपण



**कोरबा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत शनिवार को नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सीएसईबी चौक से शारदा विहार तक के मुख्य मार्ग पर सघन पौधरोपण किया गया। निगम के लेखाधिकारी भवकांत नायक के साथ मिलकर निगम के अधिकारी कर्मचारियों व आमनागरिकों ने मुख्य मार्ग पर पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण व हरित कोरबा के संकल्प को पूरा करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन व नगर निगम के द्वारा पर्यावरण संक्षरण एवं हरित कोरबा के संकल्प को साकार के करने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत सघन वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। इसकी शुरूआत 18 जुलाई को घंटाघर ओपन थियेटर मैदान में रन फार ग्रीन का वृहद आयोजन कर की गई थी। अभियान के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण का कार्य 18 जुलाई से लगातार आगामी 60 दिनों तक किया जाएगा। अभियान के आठवें दिन सीएसईबी चौक से शारदा विहार तक के मुख्य मार्ग पर पौधरोपण किया गया।

### ज्ञानदीप मंदिर विद्यालय एवं खदान परिसर में किया गया पौधरोपण

**रजगामार।** ज्ञानदीप मंदिर उच्चमर माध्यमिक विद्यालय एवं उप क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय मेन इन क्लाइन रजगामार में पर्यावरण पखवाड़ा के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम में फलदार व छायादार सहित औषधियुक्त पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान प्राचार्य श्रीमती अभिलाषा वर्मा ने वृक्षों के महत्व को बताया। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती उषा देवी दिनेश कुमार कुर्रे जनपद सदस्य, विशिष्ट अतिथि 4 व 5 खदान के मैनेज जागेश्वर महिलांगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच हरि सिंह राठिया, पंच जितेंद्र राठौर, विजय सिंह धुर्वे, दिनेश कुमार कुर्रे, ह्रदय शंकर यादव पूर्व सांसद प्रतिनिधि, दुर्गा टंडन पंच प्रतिनिधि, सुमित वर्मा संचालक ज्ञानदीप मंदिर विद्यालय एवं समस्त विद्यालय स्टाफ अंजना सिंह, आभा रानी बंजारे, प्रदीप कोसले, समीर दुबे, सलेहा परवीन, प्रियंका यादव, सुकृता चौहान, अंजली सिंह, उमा गोस्वामी, आशा प्रजापति, पूजा राठौर उपस्थित रहे।

# मछलियों के अवैध शिकार पर रोक लगाने विभाग की टीम ने किया दौरा

## हसदेव बांगो बांध में अवैध मत्स्याखेट की मिल रही थी शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मत्स्य संरक्षण अधिनियम के तहत घोषित प्रतिबंधित अवधि के दौरान अवैध मत्स्याखेट पर रोक लगाने तथा जलीय जीवों के संरक्षण के उद्देश्य से मछली पालन विभाग, जिला कोरबा द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विभाग की विशेष टीम ने आज हसदेव बांगो जलाशय क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने जलाशय के किनारे कुछ व्यक्तियों को गैर-कानूनी रूप से 'गरी' के माध्यम से मछली पकड़ते हुए पाया। विभागीय अधिकारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर उन्हें रोकते हुए पूछताछ की। पूछताछ में संबंधित व्यक्तियों ने बताया कि उन्हें वर्तमान में लागू मत्स्याखेट प्रतिबंध की जानकारी नहीं थी। इस पर विभागीय अधिकारियों ने उन्हें मत्स्य संरक्षण के महत्व, प्रजनन काल के दौरान मछलियों के संरक्षण की आवश्यकता तथा प्रतिबंधित अवधि में मत्स्याखेट पर लगाए गए प्रतिबंध के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रतिबंधित अवधि में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा यह मत्स्य संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। अधिकारियों ने संबंधित व्यक्तियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित अवधि के दौरान मछली पकड़ते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध मत्स्य अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा जुर्माने सहित अन्य दंडात्मक प्रावधान लागू किए जाएंगे। विभाग ने यह भी बताया कि अवैध मत्स्याखेट पर रोक लगाने के लिए जलाशयों एवं अन्य जल स्रोतों में नियमित गश्त एवं औचक निरीक्षण की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

**खास बातें**

- प्रतिबंधित समयावधि में मछलियों के शिकार की विभाग तक पहुंची थी शिकायत



### राज्य सरकार ने भर्ती के लिए जारी किया नोटिफिकेशन, 21 अगस्त तक लिए जा रहे हैं आवेदन

# प्रायमरी स्कूल में शिक्षकों के 200 से अधिक पद खाली, 100 पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सहायक शिक्षक के 200 से अधिक पद रिक्त हैं और भर्ती केवल 100 पदों पर होने जा रही है। सहायक शिक्षक प्रायमरी स्कूल में सेवाएं देते हैं। भर्ती के लिए राज्य सरकार के द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन में जिले को 100 पद ही मिले हैं।

शिक्षकों की भर्ती को लेकर पिछले दो साल से कवायद चल रही थी। अब जाकर भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत हुई है। किन्तु जो उम्मीद जिले की शिक्षा व्यवस्था में विभाग की बनी थी वह राज्य सरकार के द्वारा जारी किए गए भर्ती विज्ञापन से पूरी होते नहीं दिख रही है। वर्तमान में जिले में 200 से अधिक पद सहायक शिक्षकों के प्रायमरी स्कूल में रिक्त हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जिले से मांगी गई जानकारी के आधार पर शिक्षा विभाग के द्वारा जानकारी भेजी गई है। उक्त जानकारी के बाद भी जिले को केवल 100 पद मिलना शिक्षा व्यवस्था के सुधारने के लिए किए जा रहे प्रयास को झटका माना जा रहा है। बताया जाता है कि पूरे पांच ब्लाक के प्रायमरी स्कूल में 2 सौ से ढाई सौ के लगभग पद रिक्त हैं। और भर्ती जिस तरह से 100 पदों पर की जा रही है उससे प्रायमरी स्कूल में सैकड़ों पद फिर रिक्त रह जाएंगे और आने वाले शिक्षण सत्र में भी भर्ती के बाद भी छात्र शिक्षकों की कमी से जूझते नजर आएंगे।



फाइल फोटो

**मिडिल स्कूल भर्ती का है इंतजार**

मिडिल स्कूल में शिक्षकों के रिक्त पद होने के बाद भी भर्ती के लिए विज्ञापन जारी होने से बीएड डिग्रीधारी शिक्षित बेरोजगारों के सामने संशय की स्थिति बनी हुई है। राज्य सरकार ने 5 हजार पदों पर भर्ती की घोषणा की थी। वर्तमान में शिक्षक और लेक्चरर के सैकड़ों पद अभी भी जिले में रिक्त हैं। हालांकि पदोन्नति की प्रक्रिया में लेक्चरर के पद भरे जाएंगे उसके बावजूद पद रिक्त रहेंगे।

**एकल शिक्षकीय स्कूलों की जानकारी**

| ब्लाक | स्कूल | शिक्षक विहीन |
|---|---|---|
| कोरबा | 18 | 0 |
| कटघोरा | 15 | 0 |
| करतला | 27 | 0 |
| पाली | 22 | 1 |
| पोड़ी उपरोड़ा | 36 | 2 |

**मानदेय शिक्षक दे रहे सेवाएं**

बीते तीन वर्ष से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों में मानदेय शिक्षक प्रायमरी से लेकर हाई स्कूल तक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिससे कुछ हद तक चरमराती शिक्षा व्यवस्था को सहारा जरूर मिला है। 11 से लेकर 13 हजार तक के मानदेय पर बीते तीन वर्ष से अपनी सेवाएं देने वाले मानदेय शिक्षकों के कुल 200 से अधिक पदों पर भर्ती हुई थी। उसके बावजूद प्रायमरी स्कूल और मिडिल स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है।

# अनियंत्रित बाइक पानी में पलटने से ग्रामीण की दर्दनाक मौत



पानी में तैरता युवक का शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जेंजरा में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी में गिर जाने से एक ग्रामीण की डूबकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान राम सिंह नेटी 52 वर्ष, निवासी जेंजरा के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार की बीती रात की बताई जा रही है, जब राम सिंह अपनी बाइक से जेंजरा से पतरापाली मार्ग की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पतरापाली रोड पर उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे सड़क किनारे भरे पानी में जा गिरा। रात का समय होने और पानी गहरा होने के कारण राम सिंह खुद को बाहर नहीं निकाल सके और डूबने से उनकी मौत हो गई। सुबह राहगीरों द्वारा हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित किया गया। कटघोरा पुलिस को दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस हादसे के कारणों और परिस्थितियों की विस्तृत जांच कर रही है।

**खास बात**

- कटघोरा थाना क्षेत्र के जेंजरा-पतरापाली मार्ग की घटना

# विद्युत खंभे के बाद रेलिंग से टकराई पिकअप कनकी क्षेत्र में तीन घंटे बिजली आपूर्ति रही ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

झमाझम बारिश के बीच सड़क में फिसलन से हादसे का खतरा भी बढ़ गया है। गुरूवार की सुबह एक तेज रफ्तार पिकअप के चालक अपनी वाहन से नियंत्रण खो बैठा और हाईटेंशन विद्युत प्रवाहित खंभे के बाद रेलिंग में जा टकराई। हादसे में पिकअप वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल दाखिल कराया गया।

घटना उरगा थानांतर्गत कनकी भादा मार्ग में घटित हुई। बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिनों से हो रही झमाझम बारिश के कारण सड़क में फिसलन बढ़ गई है। इस बात से अंजाम चालक तेज रफ्तार में पिकअप चलाते हुए कोरबा से बिलासपुर की ओर जा रहा था। उसने पिकअप से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित पिकअप सड़क में फिसलते हुए पहले हाईटेंशन विद्युत प्रवाहित खंभे से टकराने के बाद रेलिंग से जा भिड़ी। घटना में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। पिकअप चालक को भी गंभीर चोटें आई। हादसा होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने चालक को किसी तरह वाहन से बाहर निकाला। साथ ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संजीवनी एक्सप्रेस की मदद से चालक को इलाज के लिए रवाना किया। पिकअप की ठोकर से हाईटेंशन विद्युत तार सहित खंभा उखड़कर गिर गया था, जिससे बड़ी अनहोनी हो सकती थी। जिसे लेकर ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को सूचना दी। विद्युत विभाग ने तत्कान बिजली आपूर्ति बंद की, तब कहीं जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। क्षेत्र में खंभा गिरने की वजह से करीब तीन घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहा। बहरहाल चालक का इलाज जारी है। उसे खतरे से बाहर बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार व सड़क में फिसलन को हादसे का कारण माना जा रहा है।



दुर्घटनाकारित पिकअप।

**गतिअवरोधक व संकेतक की मांग**

ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग में अक्सर बरसात के लगते ही हादसे बढ़ जाते हैं। इस दौरान रेलिंग व विद्युत पोल के टूटने से न सिर्फ यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है, बल्कि जानमाल का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों ने रफ्तार पर अंकुश लगाने गतिअवरोधक व चालकों को सावधान करने संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की है।

# नाबालिगों का वाहन चलाना नो एंट्री का उल्लंघन पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए दो अलग-अलग मामलों में भारी अर्थदंड लगाया है। पहला मामला नाबालिग से वाहन चलवाने का है, जिसमें न्यायालय ने वाहन स्वामी पर 26 हजार 500 का अर्थदंड लगाया। वहीं दूसरे मामले में नो-एंट्री का उल्लंघन करने पर न्यायालय ने 20 हजार का अर्थदंड लगाया है। पुलिस के अनुसार नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की घटनाएं सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। ऐसे मामलों में वाहन स्वामी और अभिभावकों की जिम्मेदारी तय की जाती है। न्यायालय द्वारा लगाया गया 26 हजार 500 का अर्थदंड इसी दिशा में सख्त कार्रवाई का हिस्सा माना जा रहा है। इसी तरह नो-एंट्री क्षेत्र में वाहन प्रवेश कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में भी न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित वाहन चालक पर 20 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। पुलिस का कहना है कि नो-एंट्री नियमों की अनदेखी से दुर्घटनाओं और यातायात अव्यवस्था की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए ऐसे मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ न्यायालयीन कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित यातायात व्यवस्था कायम करना है।

**खास बात**

- पुलिस ने दोनों मामलों में 46 हजार 5 सौ टोंका जुर्माना

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की पाली में एजेंसी देना है।
इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा
मो. 7581808267, 7049267780

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### जवानों को नशे से दूर रहने और ऑनलाइन कोर्स के जरिए कार्यदक्षता बढ़ाने की दी सलाह

# डीआईजी एलिसेला ने किया 13वीं वाहिनी मड़वारानी का वार्षिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (छसबल) उत्तर क्षेत्र सरगुजा के पुलिस उप महानिरीक्षक आईके एलिसेला ने 24 जुलाई को 13वीं वाहिनी छसबल, मड़वारानी का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान दौरान डीआईजी ने क्वार्टर गार्ड की सलामी ली और कार्यालय के विभिन्न शाखाओं तथा दस्तावेजों की गहन जांच की। इसके पश्चात जवानों की समस्याओं और मांगों को सीधे जानने के लिए सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों द्वारा रखी गई समस्याओं का मौके पर ही विधिवत निराकरण किया गया।

सैनिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए डीआईजी एलिसेला ने पुलिस वर्दी की गरिमा और महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने सभी जवानों को नशे की लत से पूरी तरह दूर रहने की सख्त हिदायत दी। साथ ही, जवानों को अपनी कार्यक्षमता, कार्यकुशलता और प्रोफेशनल स्किल में बढ़ोतरी के लिए विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान हरियर छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत वाहिनी परिसर में फलदार पौधों का रोपण भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व जवानों का उत्साहवर्धन करने के लिए उन्हें उचित इनाम दिए जाने की घोषणा की गई। 13वीं वाहिनी के सेनानी (कमांडेंट) प्रशांत कतलम द्वारा डीआईजी एलिसेला का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सेनानी प्रशांत कतलम ने डीआईजी को स्मृति चिन्ह भेंट किया।




वाहिनी की जानकारी लेते डीआईजी।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर, 10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411